**Regarding operation of international flights from Prayagraj Airport-laid**

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान जनपद प्रयागराज उ०प्र० की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है और इस जनपद प्रयागराज में एअरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारम्भ 16 दिसम्बर 2018 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों द्वारा हुआ था। वर्तमान समय में प्रयागराज एअरपोर्ट से लगभग 18 फ्लाइट मूवमेंट कर रही है, इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है 1. प्रयागराज एअरपोर्ट उत्तर प्रदेश का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा एअरपोर्ट है। चूंकि उत्तर प्रदेश एक आबादी बाहुल्य राज्य है। इस लिहाज़ से भी प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय उडाने प्रारंभ करने की आवश्यकता है क्योंकि इसका आकार बढ़ेगा तो यहाँ रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे। जिससे आस पास के जिले के लोग लाभान्वित होंगे 2. प्रयागराज महाकुम्भ जो कि 2025 में होना है, जिसमे करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होगा उसको भी दृष्टिगत रखते हुए प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय आकार देने की जरूरत है। उपरोक्त मांगे जनहित की हैं तथा इनको पूर्ण किये जाने से प्रयागराज समेत अगल-बगल के कई जिलों एवं मध्य प्रदेश के रीवा संभाग के जिलो में रहने वाले जनमानस को भी लाभ होगा।